फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — **बनाम** — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री संजय कुमार पुत्र श्री बनारसीदास
निवासी शिव शक्ति भवन, मुखडी माता मन्दिर के पास
दानवाव आबूरोड़ जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत

किस्म मुकदमा– अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005

मुकदमा नं.30 वर्ष 2021

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
16.04.2021	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत को दिनॉक 16.02.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि सन् 2018 में दानवाव (आबूरोड) में ग्राम पंचायत आबादी क्षेत्र ब्रह्माकुमारी संस्था के गेट नं. 2 के सामने स्थित प्लॉट नं. 9 पट्टा सं. 15 के कब्जेदार को अतिक्रमी मानते हुए जारी नोटिस की प्रमाणित प्रति एवं अतिक्रमण हटाने का मौका फर्द रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति एवं अपीलांट को प्लॉट नं. 9 पट्टा सं. 15 के नाम से अतिक्रमण हटाने बाबत् जारी नोटिस की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत को दिनॉक 16.02.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि सन् 2018 में दानवाव (आबूरोड) में ग्राम पंचायत आबादी क्षेत्र ब्रह्माकुमारी संस्था के गेट नं. 2 के सामने स्थित प्लॉट नं. 9 पट्टा सं. 15 के कब्जेदार को अतिक्रमी मानते हुए जारी नोटिस की प्रमाणित प्रति एवं अतिक्रमण हटाने का मौका फर्द रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति एवं अपीलांट को प्लॉट नं. 9 पट्टा सं. 15 के नाम से अतिक्रमण हटाने बाबत् जारी नोटिस की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई [illegible] नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो [illegible] पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर [illegible] हो । Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2021.05.27 12:19:48 IST Reason: SelfAttested (भगवती प्रसाद) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Scanned with CamScanner